# पहचान की सुरक्षा

पहचान की चोरी तब होती है जब कोई व्यक्ति चोरी या धोखाधड़ी करने के लिए किसी दूसरे व्यक्ति की पहचान बताने वाली जानकारी को ले लेता है।



**अगर अभी कोई अपराध हो रहा है, तो तीन शून्य (000) पर फ़ोन करें।**
**यदि नहीं, तो Policelink को ध्यान में रखें और ऑनलाइन रिपोर्ट करें।**

**हमारे बारे में जानकारी पाने के लिए इस वेबसाइट पर जाएँ**
**www.police.qld.gov.au**

**समाचारों और चेतावनियों के लिए myPolice.qld.gov.au के लिए साइन अप करें**

/queenslandpolice
@qldpolice
@qldpolice

## आप क्या कर सकते हैं

पहचान चोरी का शिकार होने से ख़ुद की रक्षा करने के लिए आप बचाव के कई उपाय अपना सकते हैं।

- अपने सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज़ो पर पासवर्ड लगा दें।
- पासवर्ड तैयार करते समय, याद रखने में आसान (स्पष्ट) पासवर्ड्स का उपयोग करने से बचें जैसे कि टेलिफ़ोन नंबर, जन्म दिवस या अपनी माता का नाम इत्यादि।
- कई खातों के लिए एक ही पासवर्ड के उपयोग से बचें।
- अपना पासवर्ड नियमित रूप से बदलते रहें।
- अपने कम्प्यूटर को अपने पासवर्ड संग्रहित करने की अनुमति न दें।
- अपनी सभी निजी जानकारियों को घर में ताले वाली फाइलिंग केबिनेट या तिजोरी में रखें।
- कभी भी अपने PIN (पिन) नंबर को अपने बटुए में अपने ATM कार्ड के साथ नहीं रखें।
- जब तक बहुत ही ज़रूरी न हो अपने पासपर्ट या जन्म प्रमाणपत्र जैसे दस्तावेज़ों को अपने साथ ले जाने से बचें। इसकी बजाय अपने फ़ोन से इनकी फोटो खींचकर ले जाने की कोशिश करें।
- पुराने बिलों, रिकार्ड्स या जिनकी उपयोग तारीख़ निकल गई हो ऐसे कार्ड्स को फेंकने से पहले, यह सुनिश्चित कर लें कि उनमें पहचान बताने वाली सभी जानकारियों को नष्ट कर दिया गया है। अपने घर में एक कागज़ के टुकड़े करने वाली मशीन (पेपर श्रेडर) खरीदने के बारे में सोचें।
- अपनी व्यक्तिगत जानकारी फ़ोन, डाक द्वारा या ऑनलाइन देने से बचें और किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी देने से पहले यह सुनिश्चित करें कि आप जानते हैं कि आप किससे बातचीत कर रहे हैं।
- सुनिश्चित करें कि आपका लेटरबॉक्स सुरक्षित है और उस पर ताला लगाया जा सकता है और डाक को केवल अधिकृत व अनुमोदित ऑस्ट्रेलिया पोस्ट बॉक्सेज़ के पते पर ही पोस्ट करें।
- संभावित धोखाधड़ी के लेन-देन पर निगाह रखने के लिए हर महीने अपने बैंक खातों और क्रेडिट कार्ड के खातों से किए गए सभी लेन-देन की ध्यानपूर्वक जाँच करें।
- अगर बिल समय पर आपके पास नहीं पहुँचें या कोई इन्वॉ-यस आपको नहीं मिले तो आगे संबंधित कार्यवाही करें।
- अगर आपका पर्स या बटुआ खो जाए, तो अपने ख़ातों को सुरक्षित रखने के लिए इस बारे में तुरंत अपने बैंक को सूचित करें।

## याद रखें

- पहचान की चोरी और धोखाधड़ी विश्व में तेज़ी से बढ़ते अपराध बन गए हैं। पहचान की चोरी और धोखाधड़ी जल्दी से और आसानी से हो सकते हैं और अधिकांशतः आपको इनका शिकार हो जाने तक पता भी नहीं चलेगा कि आप इन अपराधों का शिकार बन गए हैं।

ऐसे अनचाहे प्रस्ताव जिनके बारे में लगता है कि वे सही नहीं हैं या जिनमें आपको अपने बैंक खाते या अन्य व्यक्तिगत जानकारी का विवरण देने की ज़रूरत होती है, एक संभावित घपला हो सकते हैं।

इस फ्लायर में घरों में सुरक्षा बढ़ाने के लिए केवल साधारण दिशा-निर्देश हैं। क्वींसलैण्ड पुलिस सेवा, इस सूचना को प्रदान करते हुए, व्यक्तियों या संपत्ति की सुरक्षा के विषय में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करती है ना ही कोई वारंटी या गारंटी देती है।

CC BY लाइसेंस URL: http://creativecommons.org/licenses/by/4.0/legalcode
कृपया इनको एट्रीब्यूशन दें: © क्वींसलैण्ड राज्य (क्वींसलैण्ड पुलिस सेवा) 2025

Prevention Together
Prevent | Disrupt | Respond | Investigate

Queensland Government